UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-185 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) बुधवार 17 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## खुशखबरी का खुला महा-पिटारा! यूपी में आई 4 बड़ी सरकारी भर्तियां


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे और दिन-रात तैयारी में जुटे युवाओं के लिए एक बहुत ही बड़ी राहत और धमाकेदार अवसर की खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने साल 2026 के लिए चार अलग-अलग और बेहद महत्वपूर्ण विभागों में बंपर भर्तियों की घोषणा कर दी है।

इन भर्तियों के माध्यम से प्रदेश में कुल हजारों खाली पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी, जिससे यूपी के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का एक बहुत बड़ा और शानदार मौका मिलने जा रहा है। अलग-अलग शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार अपनी पसंद और पात्रता के अनुसार इन पदों के लिए दांव लगा सकते हैं। कृषि क्षेत्र से पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए यह भर्ती एक बेहतरीन करियर ऑप्शन साबित हो सकती है। आयोग ने गन्ना पर्यवेक्षक के कुल 1182 पदों पर बंपर भर्ती निकाली है। इस पद पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएससी की डिग्री होना अनिवार्य है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 07 जुलाई 2026 से आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाएगी, जो 28 जुलाई 2026 तक चलेगी। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी UPSSSC की ऑफिशियल वेबसाइट upsssc.gov.in पर जाकर समय रहते अपना फॉर्म भर सकते हैं। अगर आप प्रकृति और पर्यावरण के बीच अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो वन विभाग आपके लिए दरवाजे खोल रहा है। सरकार ने वन रक्षक (Forest Guard) के कुल 708 पदों पर भर्ती की आधिकारिक घोषणा की है। इस पद की सबसे खास बात यह है कि इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सिर्फ 10वीं पास रखी गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की खिड़की 30 जून 2026 को खुलेगी और उम्मीदवार 20 जुलाई 2026 तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। यह उन युवाओं के लिए एक बेहद खास मौका है जो कम उम्र में ही देश के पर्यावरण और वन संरक्षण के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं।

इसी क्रम में सुरक्षा और ट्रेनिंग क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए भी एक अच्छी खबर है। आयोग ने हवलदार इंस्ट्रक्टर के कुल 209 पदों पर सीधी भर्ती निकाली है। इस सम्मानजनक पद के लिए केवल 12वीं पास उम्मीदवार भी आवेदन करने के योग्य माने गए हैं। इस वैकेंसी के लिए आवेदन की प्रक्रिया 19 जून 2026 से शुरू होकर 09 जुलाई 2026 तक एक्टिव रहेगी। जो युवा सुरक्षा, अनुशासन और ट्रेनिंग से जुड़े क्षेत्र में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, उनके लिए यह एक बेहतरीन और सम्मानजनक रोजगार का अवसर साबित होगा। इन चारों भर्तियों में सबसे महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल भर्ती प्लाटून कमांडर और ब्लॉक ऑर्गनाइजर के पदों के लिए निकाली गई है, जिसमें कुल 295 पद शामिल किए गए हैं। यह भर्ती विशेष रूप से उन उम्मीदवारों के लिए है जिन्होंने पीईटी-2025 की परीक्षा पास की है। इस पद के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 जून से शुरू होकर 06 जुलाई 2026 तक चलेगी। इस पद की सबसे बड़ी यूएसपी इसका शानदार सैलरी पैकेज है। चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार करने वाले उम्मीदवारों को ?1,12,400 प्रति माह तक का शानदार वेतन मिल सकता है। हालांकि, इस बेहतरीन सैलरी को पाने के लिए उम्मीदवारों को एक कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें मुख्य परीक्षा के साथ-साथ कड़ा शारीरिक परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) भी शामिल रहेगा। इन चारों महा-भर्तियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के हजारों युवाओं को खाकी पहनने और सरकारी दफ्तरों में अफसर बनने का सुनहरा मौका मिला है।

## आपको मैं पीएम बनते देखना चाहती हूं.' मुस्लिम बेटी ने मुख्यमंत्री से कह दी ऐसी बात

### गदगद हो गए सीएम योगी

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर अपने कड़े फैसलों और सख्त तेवरों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन हाल ही में एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान जब एक मुस्लिम युवती ने सीएम योगी के सामने अपनी एक बड़ी ख्वाहिश रख दी, तो खुद मुख्यमंत्री भी अपनी मुस्कान नहीं रोक पाए और उनका चेहरा खुशी से खिल उठा।

दरअसल, यह दिलचस्प वाकया तब हुआ जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता से सीधे संवाद कर रहे थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक मुस्लिम बेटी ने बेहद सादगी और बेबाकी से अपनी दिल की बात कह दी। उसने सीधे मुख्यमंत्री की तरफ देखते हुए कहा, 'योगी जी, मैं आपको देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती हूं। इस अचानक आई बात को सुनकर वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अमूमन गंभीर दिखने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ भी इस बात को सुनकर पूरी तरह गदगद नजर आए। उन्होंने बड़ी आत्मीयता से मुस्कुराते हुए उस बेटी की बात का स्वागत किया।इस बातचीत के दौरान सिर्फ राजनीति की बात नहीं थी, बल्कि इसमें एक ऐसी भावना थी जिसने वहां मौजूद अधिकारियों और आम जनता को भी प्रभावित किया। मुख्यमंत्री ने उस युवती की बात को ध्यान से सुना और उसे आशीर्वाद देते हुए उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सोशल मीडिया पर भी इस घटना की खूब चर्चा हो रही है और लोग इसे मुख्यमंत्री की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के बीच उनके सीधे जुड़ाव के रूप में देख रहे हैं।

## सुर्खियां.............

### पुलिया की टूटी रेलिंग बनी हादसों का सबब

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** एसडीएम आवास की बाउण्ड्री के बाहर नाले पर बनी पुलिया की रेलिंग टूटी पड़ी है। पुलिया की रेलिंग टूटी होने के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। दुर्घटना रोकने के लिए पुलिया की रेलिंग का निर्माण कराना जनहित में आवश्यक है।

### तेज रफ्तार ऑटो बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में गिरा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सातमील के पास एक तेज रफ्तार ऑटो बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में गिर गया। हादसे में ऑटो सवार लगभग आधा दर्जन सवारियां चुटहिल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को उरई अस्पताल पहुंचाया गया।

### अराजक तत्वों द्वारा सड़क पर मारपीट की,,वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के व्यस्ततम कोंच चौराहे पर स्थित अलबेक होटल पर शराब के नशे में कुछ अराजक तत्वों द्वारा सड़क पर मारपीट की गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नगर का कोंच चौराहा व्यस्ततम चौराहा है। सोमवार की रात इस होटल के बाहर शराब के नशे में कुछ अराजक तत्वों द्वारा एक दूसरे के साथ मारपीट भी की गई।

## मायावती की ओबीसी समाज पर नजर, 2007 की दिलाई याद; बीएसपी प्रमुख ने की ये अपील, अखिलेश यादव पर पड़ेगा असर

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति को तैयार किया जाना शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में तमाम राजनीतिक दल अपनी जीत का समीकरण तैयार करने में जुटे हुए हैं। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी तैयारियों को लेकर पहले से ही फोकस किया है। बसपा प्रमुख 2007 के विधानसभा चुनाव के समीकरण को साधने की कोशिश में हैं। वर्ष 2007 में बसपा को दलित-पिछड़ा-अल्पसंख्यक-ब्राह्मण समीकरण ने पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता के शीर्ष पर पहुंचा दिया था। एक बार फिर बसपा प्रमुख पिछड़ा वर्ग के वोटरों को जोड़ने की कवायद में जुटी दिख रही हैं। मंगलावार को लखनऊ में आयोजित चुनावी समीक्षा बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को ओबीसी वोटरों के बीच पहुंचने का संदेश दिया। दरअसल, 2007 के विधानसभा चुनाव में मायावती को ब्राह्मण के साथ-साथ ओबीसी वोट बैंक का बड़ा समर्थन मिला था। 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा इस फार्मूले पर आगे बढ़ती दिख रही है। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने पिछड़ा वर्ग के बीच पार्टी की पकड़ को मजबूत बनाने के लिए नेताओं को इस वर्ग तक पहुंचने का विशेष निर्देश दिया है। जमीनी तैयारी और जनाधार को बढ़ाने के निर्देश दिए। मायावती ने स्पष्ट तौर पर कहा कि ओबीसी का हित बसपा के सरकार में ही संभव है। पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने 2007 की सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज ने तमाम सरकारों और दलों पर भरोसा करके देख लिया है। वर्ष 2007 में बसपा की सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए जितने कार्य हुए, उतना काम किसी अन्य सरकार में नहीं हो सका। उन्होंने पार्टी नेताओं को निर्देश दिया कि इन बातों को समाज के बीच पहुंच कर बताने की जरूरत है। मायावती ने इस मौके पर ओबीसी आरक्षण को लेकर भी बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण में भी सेंधमारी की कोशिश हा रही है। दरअसल, मायावती का फोकस गैर यादव ओबीसी समुदाय के कुर्मी और निषाद वोटरों की तरफ है। पिछले चुनावों में यह वर्ग भाजपा और सपा की तरफ जाता दिखा है मायावती ने कहा कि किसी भी पार्टी ने ओबीसी समाज का वास्तविक विकास नहीं किया। बसपा की सरकार में ही समाज का विकास हो सका। विरोधी पार्टियों के भीतर और उनकी सरकारों में भी राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ के तहत व्यक्तिगत तौर पर किसी को आगे बढ़ाया जा सकता है। ओबीसी समाज की सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक विकास के लिए इन पार्टियों का रवैया अधिकतर मामलों में काफी संकीर्ण और जातिवादी रहा है। सरकारी नौकरी एवं शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण लाभ देने संबंधी मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का तीव्र विरोध किया गया। अब उस आरक्षण को एक प्रकार से निष्क्रिय बनाया गया है। मायावती ने कहा कि बीएसपी ने अपनी स्थापना के बाद मंडल रिपोर्ट को लागू करवाने से लेकर पार्टी में सरकार बनने पर पूरे ओबीसी सामाज के लोगों को भी सर्वसमाज की तरह अधिकार दिलाने का प्रयास किया। संविधान के पवित्र उद्देश्य के मुताबिक, पिछड़ा समाज को पूरे आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के साथ जीने के लिए हर स्तर पर उनको उनका वाजिब हक दिया गया।

# उरई मेडिकल कॉलेज में होने वाली घटनाओं को रोकने के इरादे से नए प्रचार्य ने पीआरओ किया नियुक्त

## तीमारदारों और जू डॉक्टरों के बीच कभी झगडा न हो इसलिए नए प्रचार्य ने किए कई प्रबंध

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** भाजपा नेताओं और जूनियर डॉक्टर के बीच हुए पिछले दिनों झगड़ा के बाद प्रदेश शासन के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के नए प्रधानाचार्य बनकर डॉ महेंद्र सिंह से आज कुछ पत्रकारों से विभिन्न मुद्दों पर विशेष भेंट वार्ता हुई ।प्रस्तुत है भेंट वार्ता के अंश।

### साधनहीन, धनहीन गरीबों का सबसे पहले होगा इलाज-प्रचार्य

डॉ महेंद्र सिंह पिछले दिनों भाजपा के नेताओं जो तीमारदार थे, उनमें और मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरो के बीच जो भीषण मार पीट हुई थी उस मामले को सबसे ज्यादा मारक तरीके से यंग भारत ने कई डेस्पैचो में प्रसारित किया था इसके अलावा जन जन स्वराज, अमर उजाला, स्वतंत्र भारत, दैनिक जागरण झांसी, हिंदुस्तान,लोकभारती दैनिक आज, जनसत्ता, जालौन टाइम्स, कर्म युग, अग्नि चरण आदिअखबारों और विभिन्न चैनलों ने इस खबर को प्रमुखता से कई बार प्रकाशित किया था, इसके बाद भाजपा के सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा लखनऊ गए उन्होंने उपमुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक और डीजीपी को यहां की स्थिति से अवगत कराया था इसके चलते ही प्रदेश शासन ने तत्काल प्रभाव से तत्कालीन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अरविंद त्रिवेदी को लखनऊ अटैच कर लिया था और उनकी जगह आपको डॉक्टर महेंद्र सिंह को इस राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई का नया प्राचार्य नियुक्त किया थाद्य द्य प्रचार्य डा महेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश शासन के निर्देश पर उन्होंने बीती 8 म ई यहां ज्वाइन किया था उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन्होंने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और पाया के यहां कोई पी आर ओ नही है और ना ही इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर भी नही है द्य उन्होंने बताया कि उन्होंने तत्काल इन दोनो पदों पर अधिकारी नियुक्त किए। और अब कोई भी मरीज कोई भी बात पूछना चाहता है तो पीआर ओ,और ई एम ओ से तत्काल सहायता ले सकता है उन्होंने कई बार इमरजेंसी वर्ल्ड का दिन और रात में निरीक्षण किया तो पाया की कई बार रात में सरवर ना आने के कारण मरीज को पर्चा बनवाने में दिक्कत आती है इसलिए उन्होंने यह निर्देश दे दिए यदि किसी मरीज का पर्चा बनवाते समय सरवर नहीं आ रहा है तो वह पर्चे मैन्युअल यानी हाथ से बनाए जाएंगे रात के वक्त इमरजेंसी में पर्चा बनवाने को लेकर ही मरीजके तीमारदारो से जूनियर डॉक्टर और स्टाफ के बीच वाद विवाद हो जाया करता था इससे अब यह नहीं होगा एक सवाल के जवाब में डॉक्टर महेंद्र सिंह ने बताया अब मेडिकल कॉलेज के सभी स्टाफ को अपनी ड्रेस के साथ अपना आईडी भी लगाना होगा उन्होंने कहा की निरीक्षण में पाया तमाम मरीज जहां लेटे रहते हैं विभिन्न वार्डों में वहां पंखे नहीं चल रहे हैं और कूलर भी नहीं चल रहे । उन्होंने आदेश दे दिया है कि मरीज के पास कूलर और पंखा जरूर चलने चाहिए जब बिजली नहीं आती तो मेडिकल कॉलेज में जनरेटर है उसके लिए डीजल की सारी व्यवस्थाएं है उन्होंने कहा उनकी पहली प्राथमिकता वह गरीब मरीज है जिसकी चप्पल टूटी हुई है

और कपड़े फटे हुए हमें उन गरीबों को बेहतर इलाज देना होगा क्योंकि अमीर आदमी तो किसी भी प्राइवेट में जाकर इलाज कर सकता है लेकिन गरीब आदमी के लिए सरकारी अस्पताल ही उसको रिलीफ दे सकते हैं और देना चाहिए द्य एक सवाल के जवाब में डॉक्टर महेंद्र सिंह ने बताया दोनों ने प्रमुख सचिव साथ को एक हार्ट स्पेशलिस्ट एक न्यूरो सर्जन , एक रेडियो लार्जेस्ट की मांग की है इनके आ जाने से मेडिकल कॉलेज में इन बीमारियों के मरीजों की समस्याओं का निदान हो जाया करेगा एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि वो पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर अरविंद त्रिवेदी से मानवता के तहत मिलने गए थे उनके घर और उनसे कहा था कि बस आप ज्वाइन करिए और मुझे मुक्ति दीजिए उन्होंने कहा कि हमें शासन से यह जानकारी नहीं मिली है कि हाई कोर्ट से उनका स्टे हो गया है और अब क्या किया जाना है लेकिन डॉक्टर त्रिवेदी ने उन्हें बताया कि चार जून 2026 को उन्हें हाई कोर्ट से स्टे मिल गया है प्रमुख सचिव अमित घोष इस विषय में विचार कर रहे हैं हाई कोर्ट के आदेश को हम सबको मानना है प्रमुख सचिव का जो मुझे निर्देश आएगा मैं उसे तरीके से उसका पालन करूंगा पत्रकार वार्ता के दौरान डॉक्टर चरक भी वहां मौजूद रहे।

### हाई कोर्ट का आदेश सबसे ऊपर पर पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर त्रिवेदी के लिए अभी हमें कोई नोटिस नहीं आया

# आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी रिंकू सिंह राही की अध्यक्षता में किया गया।

शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम रिंकू सिंह राही ने कहा कि नगर की पहचान हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए रही है। सभी लोग मिलजुलकर त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए। यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसे समय रहते प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए ताकि उसका समाधान कराया जा सके। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट को साझा न करें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जुलूस मार्ग पर अतिक्रमण हटवाने और साफ सफाई व्यवस्था की मांग की गई। इसके साथ ही बताया गया कि जुलूस के दौरान पूरे नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है जिससे दिक्कत होती है। ऐसे में गर्मी के मौसम को देखते हुए जुलूस के दौरान जुलूस मार्ग की बिजली सप्लाई बंद करने एवं जुलूस के निकलने के बाद सप्लाई शुरू कराने की भी मांग की गई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह राजावत, शमसाद खां, कर्बला कमेटी अध्यक्ष इमरान अहमद, मेला कमेटी अध्यक्ष नसीम खान, असरफ मंसूरी, असलम सिद्दीकी, अयूब सलमानी, इकबाल मंसूरी, हाजी दिद्दी, गौरव महाराज, नफीस खान, अफरोज मास्टर, इम्मन शाह आदि रहे।



# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, मौत

## पारिवारिक विवाद की चर्चायें

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के सिरसा कलार थाना क्षेत्र की नियामतपुर चौकी अंतर्गत खड़गाई पुरवा गांव में एक 42 वर्षीय व्यक्ति ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान खड़गाई पुरवा निवासी शिवकुमार जोशी (42) पुत्र चेतराम जोशी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सोमवार शाम उन्होंने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। ग्रामीणों के अनुसार, शिवकुमार और उनकी पत्नी के बीच काफी समय से घरेलू विवाद चल रहा था। शिवकुमार शराब पीने के आदी थे, जिसके कारण परिवार में अक्सर तनाव बना रहता था। बताया गया कि 14 जून को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उनकी पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थीं। इसके बाद से शिवकुमार मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। घटना की सूचना पर नियामतपुर चौकी प्रभारी चेतराम बुंदेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए तथा शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सैनिक स्कूलों में प्रवेश एवं उनके महत्व पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** जनपद जालौन की कोंच तहसील के निवासी अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कालेज के सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य के.के. मिश्रा के छोटे पुत्र डॉ. शशांक शेखर मिश्रा जो वर्तमान में सैनिक स्कूल मैनपुरी में अध्यापक के पद पर कार्यरत रहकर सेवाएं दे रहे हैं से भेंट कर वार्ता की तो उन्होने बताया कि उनके बड़े भाई डॉ आशुतोष मिश्रा सूरज ज्ञान महाविद्यालय, कोंच मे प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं।उन्होने बताया कि वे सैनिक स्कूल संगठन के अंतर्गत देशभर में संचालित 33 सैनिक स्कूलों में जनपद जालौन से इकलौते शिक्षक हैं। शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित डॉ. मिश्रा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रसेवा की भावना के संवर्धन हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं।वार्ता के दौरान डॉ. मिश्रा ने सैनिक स्कूल संगठन की स्थापना के उद्देश्य, प्रवेश प्रक्रिया, सैनिक स्कूलों के महत्व तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध भविष्य के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूलों की स्थापना देश के विभिन्न भागों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी बनने के लिए प्रेरित एवं तैयार करने के उद्देश्य से की गई थी। सैनिक स्कूल आज देश में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और चरित्र निर्माण के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित हैं।प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में पूंछे जाने पर उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूलों में मुख्य रूप से कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। प्रवेश परीक्षा में सफल होने के पश्चात अभ्यर्थियों को चिकित्सा परीक्षण तथा अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। वर्तमान में बालक एवं बालिका दोनों सैनिक स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होती है।

विद्यार्थियों के भविष्य के अवसरों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल केवल रक्षा सेवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक तथा अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट करियर के अवसर प्रदान करते हैं।अंत में डॉ. शशांक शेखर मिश्रा ने कहा कि सैनिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नेतृत्व तथा राष्ट्रसेवा की भावना का अद्वितीय संगम हैं। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इन संस्थानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले अवसरों का लाभ उठाकर देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहभागी बनना चाहिए।

# डॉक्टर श्वेता कौशल के अनिका हॉस्पिटल में लापरवाही से बच्ची की मौत पर डॉ के विरुद्ध कड़ी धाराओं में मुकदमा कायम

( यंग भारत न्यूज )




- पंजीयन समाप्त हो जाने के बाबजूद अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित कर रहीं थी डॉ स्वेता
- डॉक्टरों द्वारा जिले में किये जा रहे फर्जीवाड़े और अवैध लूटमार के एकाएक बड़े मामले
- जागरूक समाज ने की मौत के सौदागर बने घटिया डॉक्टरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग

**उरई।** मामला 4 वर्षीय मासूम रियाज की मौत के बाद अनिका चिल्ड्रेन क्लीनिक से जुड़ा है,मामले में कोंच क्षेत्र के भेंड गांव निवासी 4 वर्षीय रियाज को इलाज के लिए अनिका चिल्ड्रेन क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की जांच हुई। जांच के आधार पर आरोप लगाया गया कि क्लीनिक का पंजीकरण 30 अप्रैल 2026 तक ही वैध था, जबकि उसके बाद भी संचालन जारी था। साथ ही बिना वैध अनुमति के नर्सिंग होम संचालित किए जाने के भी आरोप सामने आए। इसी आधार पर स्वास्थ्य विभाग की तहरीर पर क्लीनिक संचालिका श्वेता कौशल के खिलाफ उरई कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उरई के नामचीन वेंकटेश ज्वेलर्स के मालिक संतोष एवम रोचन माहेश्वरी ने हड़प ली युवक की 10 किलो चांदी ?



- आलीशान जिंदगी जीने वाले वेंकटेश ज्वेलर्स के संचालक पिता पुत्र का मार्केट में है बड़ा नाम
- सोने चांदी की ज्वेलरी का करते हैं बड़े पैमाने पर व्यापार
- इसी दम पर शहर के चुनिन्दा रईसों में हैं शुमार
- इनके विरुद्ध10 किलो चांदी हड़प लेने का मामला कोतवाली में दर्ज होते ही सर्राफा बाजार सहित पूरे नगर में मच गया हड़कंप
- पुलिस कर रही है घटना की जांच

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** संतोष एवम उनके पुत्र रोचन माहेश्वरी के विरुद्ध सदर कोतवाली में एक अपमानजनक एफआईआर ऋषि कुमार ने दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने नवंबर2025 में आरोपी पिता पुत्र को ईमानदार और प्रतिष्ठित सर्राफ मानते हुए उनके पास अपनी 10 किलो चांदी बतौर अमानत जमा करवाई थी तब चांदी का मूल्य काफी अधिक था तब से वह अपनी चांदी इन पिता पुत्र से मांगता रहा मगर यह दोनों उसे टालते रहे ।अब संतोष और रोचन ने चांदी देने से मना कर दिया है तथा वे सीधी सीधी बेईमानी पर आमादा हो गए हैं। पीड़ित ऋषि कुमार ने उरई कोतवाली में घटना की एफआईआर दर्ज करा दी है।

# धार्मिक नगरी कालपी में भक्ति का उल्लास: पुरुषोत्तम मास पर माँ अन्नपूर्णा मंदिर में भव्य भजन-कीर्तन और भंडारा

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी ( जालौन )।** भगवान वेदव्यास की पावन जन्मस्थली और सनातन संस्कृति के प्रमुख केंद्र कालपी नगर में इन दिनों धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज चारों ओर सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में, अत्यंत पवित्र माने जाने वाले 'पुरुषोत्तम मास' (अधिकमास) के पावन अवसर पर स्थानीय मोहल्ला रामगंज में जाने माने समाजसेवी एवं व्यवसायी विनय बड़ेरिया द्वारा प्रदीप गुप्ता के सहयोग से एक भव्य भंडारे का आयोजन मोहल्ले में स्थित सुप्रसिद्ध माँ अन्नपूर्णा देवी मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह माँ अन्नपूर्णा देवी के विशेष श्रृंगार, वैदिक मंत्रोच्चार और महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल कीर्तन और भजन का आयोजन किया गया। स्थानीय गायकों और भक्तों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को अध्यात्म के रंग में सराबोर कर दिया। 'जय माता दी' और 'हरे कृष्णा' के जयकारों से पूरा रामगंज इलाका गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने ढोलक और मंजीरों की थाप पर झूमते हुए भगवान की आराधना की। भजन-कीर्तन के बाद माँ अन्नपूर्णा देवी को छप्पन भोग लगाकर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस महाप्रसाद में मोहल्ले के निवासियों के साथ-साथ कालपी नगर के दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भी पूरी श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था इतनी सुदृढ़ थी कि देर शाम तक भक्तों के आने और प्रसाद पाने का सिलसिला अनवरत चलता रहा। वही स्टेशन चौराहे पर हनुमान मन्दिर मे सुन्दर कांड का पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया इसके अलावा नगर मे विभिन्न स्थानों पर भण्डारे का आयोजन हुआ। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि कालपी जैसी तपोभूमि पर इस तरह के सामूहिक आयोजन समाज में समरसता, आपसी प्रेम और धार्मिक चेतना को और अधिक मजबूत बनाते है।

# स्वयं सहायता समूह में हेराफेरी का महिलाओ ने लगाया आरोप

## एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम चमेंड़ की महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह के धन के कथित गबन और फर्जी निकासी का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के ग्राम चमेंड़ निवासी ममता पत्नी रामलखन सहित कई महिलाओं ने एसडीएम हेमंत पटेल को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि वह गांव के मां संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। उनका आरोप है कि समूह से जुड़े फील्ड ऑफिसर मोहित तिवारी तथा जयपाल सिंह पुत्र रामलाल निवासी हिंगुटा ने उनके नाम पर कथित रूप से 74 हजार रुपये की फर्जी निकासी कर ली। महिलाओं का कहना है कि जब उन्हें इस मामले की जानकारी हुई तो संबंधित लोगों ने भरोसा दिलाया कि निकाली गई राशि बैंक में वापस जमा कर दी जाएगी।महिलाओ ने प्रार्थनापत्र मे बताया कि आरोपियों द्वारा एक बार 10 हजार रुपये तथा दूसरी बार 4 हजार रुपये यनि कुल मिलाकर 14 हजार रुपये ही जमा किए गए, जबकि शेष धनराशि अभी तक जमा नहीं की गई।

ममता ने बताया कि वर्ष 2015 से जुड़े इस मामले के कारण अब उनके ऊपर 1,03,695 रुपये की बकाया देनदारी दर्शाई जा रही है और उनके नाम पर वसूली की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इससे वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। शिकायतकर्ताओ ने एसडीएम से मांग की है कि उनके नाम से निकाली गई कथित फर्जी राशि 74 हजार रुपये बैंक में जमा कराई जाए तथा मामले में संलिप्त बताए जा रहे लोगों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।इस मौके पर गुड्डी, राखी, रानी, रिंकी, सुनीता, सीता, लीलावती सहित अनेक पीड़ित महिलाएं मौजूद रही।

# श्रीविग्रहो की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ग्राम भेड में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम भेंड़ में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंगलवार को भगवान के श्रीविग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों धर्मालु सज्जनों के साथ इलाकाई विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भी भाग लिया।भेंड़ गांव स्थित श्री बालाजी धाम मलू सरकार नामक धर्म स्थल पर श्री रामजानकी, श्री लक्ष्मी नारायण एवं शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पिछले तीन दिनों से अवधेश कुमार दीक्षित कानपुर देहात के निर्देशन में विद्वान ब्राह्मणों वेदप्रकाश, शशिकांत, गुड्डू, रौनक आदि द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपादित कराए जा रहे हैं जिसमें ब्राह्मण आगमन, गणेश पूजन व वेदी पूजन के बाद मंगलवार को श्रीविग्रहों की भव्य शोभायात्रा पूरे गांव में बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। महंत बबलू पटेल ने बताया कि इस आयोजन के अंतिम दिवस 17 जून बुधवार को भगवान के श्रीविग्रह वेद ध्वनि के बीच गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान की भूमिका में श्यामसुंदर लंबरदार भेंड़, श्यामू अग्रवाल कोंच एवं रामबिहारी पटेल सतोह अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। संचालन शिवेंद्र सिंह निरंजन ने किया। इस दौरान नरोत्तम पुजारी, नरेंद्र दुबे लल्लन, पवन पटेल सिमिरिया, बबलू पाल कूंड़ा, अनूप पटेल विरगुवां, प्रमोद कुमार आदि भक्त गण उपस्थित रहे।

# आमने सामने हुई बाइक की टक्कर में युवक गंभीर रूप से घायल

## -उपचार के बाद जिला अस्पताल किया गया रेफर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के अंडा रोड स्थित एक कोल्ड स्टोर के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक अजय कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र नंद किशोर अहिरवार निवासी ग्राम बरोदा कला तहसील कोंच कस्बा एट से अपने घर बरोदा कला लौट रहे थे। इसी दौरान अंडा रोड स्थित कोल्ड स्टोर के पास सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि अजय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा और 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सीएचसी कोंच में डॉ गौरव शर्मा ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार युवक को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके चलते बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# प्लॉट पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराए जाने का लगाया आरोप, एसडीएम से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।पैतृक बंटवारे में पिता को मिले मकान के गिरने के बाद प्लॉट पर पारिवार के ही व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी हाल निवासी मोहल्ला तोपखाना चंद्रशेखर ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में उनके पूर्वजों के दो मकान थे। पैतृक बंटवारे में उसके पिता रामप्रकाश को एक मकान मिला था। कुछ समय बाद उसके पिता जालौन में आकर रहने लगे और गांव का मकान खाली पड़ा रहा। खाली मकान देखकर उसके परिवार के ही एक सदस्य ने कई बार मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। इसी बीच पिता की मृत्यु हो गई और देखरेख न होने की वजह से मकान गिर गया। वहां पर प्लॉट जैसा बन गया। इसी का फायदा उठाकर कुछ दिन पहले पारिवारिक सदस्य ने रात में ही इस प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जानकारी होने पर जब वह गांव पहुंचा तो उसे भगा दिया गया। पीड़ित ने एसडीएम से उसकी जगह पर हो रहे निर्माण कार्य को रूकवाने की मांग की है।

# कार्पोरेट लूट रोकने की मांग को लेकर कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंदकुआ चौराहे पर ग्रेट निकोबार द्वीप को बचाने तथा कथित कॉरपोरेट लूट को रोकने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अभियान में भाग लेकर अपने हस्ताक्षर किए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि ग्रेट निकोबार क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।यहां की जैव विविधता, वन संपदा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण देश और आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े विकास परियोजनाओं के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का खतरा बढ़ रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकता है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से जनसमर्थन जुटाने के लिए कांग्रेस द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाई जा सके। कार्यकर्ताओं ने लोगों को ग्रेट निकोबार के महत्व और वहां संभावित पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जानकारी भी दी।

अभियान के दौरान श्रीनारायण दीक्षित, सईद शाकिर अली, नासिर खान, अवधेश अवस्थी, शहाबुद्दीन राइन, विशाल अहमद, विनोद कुशवाहा, सज्जन वर्मा, सूरज याज्ञिक, रघुवीर कुशवाहा, लकी दुबे, संजीव कुशवाहा, आमिर, मुन्ना लाल रजक, अरविंद शर्मा, कासिम, जाकिर, आशीष, पप्पू सोनी,आजादउद्दीन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी आगे भी जनजागरण अभियान चलाती रहेगी तथा आम जनता को इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास जारी रखा जाएगा।

# बीहड़ों से उठी प्रतिभा का वैश्विक सम्मानः रामपुरा के डॉ. राहुल पुरवार पीएम मोदी के साथ फ्रांस दौरे पर

## स्वदेशी ब्लड कैंसर उपचार तकनीक विकसित कर देश का बढ़ाया मान, बुंदेलखंड में खुशी की लहर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** बुंदेलखंड के बीहड़ क्षेत्र स्थित रामपुरा कस्बे से निकलकर विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ. राहुल पुरवार एक बार फिर जनपद जालौन का गौरव बढ़ा रहे हैं। ब्लड कैंसर के उपचार के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने वाले डॉ. राहुल देश के चुनिंदा 120 नवाचारियों में शामिल हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फ्रांस दौरे पर जाने का अवसर मिला है। यह दौरा भारत और फ्रांस के बीच नवाचार एवं वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।



डॉ. राहुल पुरवार के नेतृत्व में विकसित स्वदेशी काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी-सेल (सीएआर-टी) थैरेपी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्र को समर्पित कर चुकी हैं। यह तकनीक ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है। अब तक इस अत्याधुनिक उपचार के लिए मरीजों को विदेशों का रुख करना पड़ता था, जहां इलाज पर करीब पांच करोड़ रुपये तक खर्च हो जाते थे। वहीं भारत में विकसित इस स्वदेशी तकनीक के माध्यम से यही उपचार लगभग 40 लाख रुपये में उपलब्ध हो सकेगा, जिससे हजारों मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में आईआईटी मुंबई में प्रोफेसर एवं शोधकर्ता के रूप में कार्यरत डॉ. राहुल पुरवार ने बताया कि बायोटेक्नोलॉजी विभाग और बाईरैक के सहयोग से वर्ष 2021 में इस तकनीक का विकास किया गया था। इसके बाद टाटा मेमोरियल अस्पताल और आईआईटी मुंबई में सफल क्लीनिकल ट्रायल किए गए। 18 मरीजों पर किए गए परीक्षणों में बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। रामपुरा में जन्मे और पले-बढ़े डॉ. राहुल पुरवार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा समर सिंह इंटर कॉलेज, रामपुरा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने लखनऊ से स्नातक एवं परास्नातक की शिक्षा हासिल की तथा एम्स नई दिल्ली से शोध कार्य पूरा किया। जर्मनी से पीएचडी और अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल कॉलेज, बोस्टन से फेलोशिप प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने भारत लौटकर वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा देने का संकल्प निभाया। उनकी उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष भोज में भी आमंत्रित किया जा चुका है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फ्रांस दौरे में शामिल होना उनके वैज्ञानिक योगदान की एक और बड़ी पहचान माना जा रहा है। डॉ. राहुल पुरवार की इस उपलब्धि से पूरे रामपुरा और जालौन जनपद में गर्व और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोग और शुभचिंतक उनके पिता डॉ. कैलाश पुरवार व माता ममतार पुरवार को बधाई देकर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। बीहड़ों की धरती से निकलकर वैश्विक मंच तक पहुंचने वाले डॉ. राहुल आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं।

# युवा उद्यमिता को नई उड़ान, जिलाधिकारी ने 100 नवोद्यमियों को औद्योगिक भ्रमण हेतु किया रवाना

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में युवाओं को उद्योग स्थापना, नवाचार एवं स्वरोजगार के लिए किया गया प्रेरित

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद जालौन में युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से 100 युवा उद्यमियों को लेकर जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण युवाओं के भीतर आत्मविश्वास विकसित करते हैं और उन्हें उद्यमिता की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं।




यह भ्रमण कार्यक्रम युवाओं को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराने तथा उन्हें स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान युवाओं ने राजकीय औद्योगिक आस्थान, कालपी स्थित हाथ कागज उद्योग की इकाइयों तथा खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण संस्थान का अवलोकन किया।हाथ कागज उद्योग के प्रतिष्ठित उद्यमी प्रो. सलीम हाजी ने युवाओं को हाथ से कागज निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया, उत्पादन तकनीक, विपणन व्यवस्था तथा इस उद्योग में रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ जोड़कर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित उद्यमी संवाद में अनुभवी उद्यमियों एवं युवा प्रतिभागियों के बीच सार्थक चर्चा हुई। युवाओं ने उद्योग स्थापना से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे तथा सफल उद्यमियों से उनके अनुभव साझा किए। संवाद के माध्यम से युवाओं को वित्तीय सहायता, विपणन, उत्पादन प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।कार्यक्रम में हाथ कागज संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, विनीत गुप्ता, भोले शंकर शर्मा, रविन्द्र नाथ गुप्ता, व्यापार मंडल कालपी के अध्यक्ष, सहायक आयुक्त उद्योग हेमन्त कुमार, सीएम युवा फेलो शशिकांत, भूपेन्द्र पाल तथा उद्यमी मित्र मनोज गुप्ता सहित अनेक उद्यमी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# फेरे से दो दिन पहले रुकी नाबालिग की शादी, सीडब्ल्यूसी ने किशोरी को संरक्षण में लिया

## गोपनीय शिकायत पर हरकत में आया बाल कल्याण तंत्र, शादी की तैयारियों के बीच पहुंची टीम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कोंच कस्बे के एक मोहल्ले में होने वाली नाबालिग किशोरी की शादी बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के हस्तक्षेप से फेरे पड़ने से पहले ही रुक गई। गोपनीय शिकायत मिलने पर सीडब्ल्यूसी की टीम स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंची और जांच के बाद किशोरी को संरक्षण में लेकर अपने साथ उरई ले गई। कार्रवाई के बाद शादी की सभी तैयारियां धरी रह गईं और क्षेत्र में घटना चर्चा का विषय बन गई।जानकारी के अनुसार, परिवार द्वारा किशोरी की शादी 19 जून को तय की गई थी। शादी को लेकर घर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं और रिश्तेदार भी जुटने लगे थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने संबंधित विभाग को सूचना दी कि जिस लड़की की शादी कराई जा रही है, वह बालिग नहीं है।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बाल कल्याण समिति की टीम सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने किशोरी की आयु से संबंधित दस्तावेजों की जांच की और आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे कोतवाली ले जाया गया। वहां औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद किशोरी को समिति के संरक्षण में भेज दिया गया।कार्रवाई में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रतीक्षा सिंह, गरिमा पाठक, सागर चौकी प्रभारी सुमित पांडे तथा महिला उपनिरीक्षक भारती सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और ऐसी किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें तथा ऐसी किसी भी जानकारी को संबंधित विभाग तक पहुंचाएं।

# खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है -अतर सिंह पाल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कालपी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मे शक्ति माता क्रिकेट क्लब के द्वारा भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का अयोजन किया गया अयोजन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अतर सिंह पाल पूर्व जिलाअध्यक्ष बसपा (जिला पंचायत सदस्य)



विशिष्ठ अतिथि जगजीवन अहिरवार पूर्व चैयरमैन प्रतिनिध कालपी एवम ग्राम पंचायत प्रधान सुरेश पाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया टास जीतकर बबीना टीम ने इटौरा टीम को बैटिंग के लिए आमन्त्रित किया इटौरा टीम ने निर्धारित 9 ओबर मे 100रन बनाए लक्ष्य पीछा कर बबीना टीम ने 8ओबर 3बाल मे 101 रन बनाकर जीत हासिल की छेत्र के जन प्रिय नेता जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल ने सम्बोधित करते खिलाडियो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता खेल खेल से भी व्यक्ति आगे बढ़कर अपने गांव छेत्र और जिले का नाम रोशन करता है उन्होंने कहा कि शिछा के साथ साथ खेल भी जीवन मे अहम कडी है पूर्व चैयरमैन कालपी जगजीवन अहिरवार जी ने कहा कि खेल से समाजिक समरसता बनती है बच्चो कहा अच्छी लगन और मेहनत जो व्यक्ति कार्य करता वह सफलता ओर जाता हो क्रिकेट टूर्नामेंट अयोजक नीरजपाल, अभिषेक पाल, शिवम पाल, आशिक पाल, राजाबाबू पाल, शिवम पाल, विवेक पाल, शिवम पाल, सुभाष पाल, यशपाल, संकेत पाल, प्रदीप पाल, छोटू, आलोक पाल उपस्थित विजय सिंह पाल, मोहर सिंह पाल ,नत्थू सिंह पाल, , इन्द्र पाल, बउआ पाल, अरविन्द पाल, अमित पाल सहित भारी संख्या मे क्षेत्र एवम गांव लोग दर्शक दीर्घा मे उपस्थित हुए।

# सरकार की पेयजल के लिए चलाई जा रही अमृत योजना भी भारी भ्र्ष्टाचार का शिकार

## -अमृत योजना में मानक विहीन पाइप लाइन बिछाने की शिकायत

## -महिला सभासद ने डीएम से की जांच की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड-6 रामनगर उत्तरी में पेयजल समस्या के समाधान के लिए संचालित अमृत योजना के तहत ठेकेदार द्वारा मानक विहीन पाइप लाइन बिछाए जाने का आरोप लगाते हुए महिला सभासद अभिलाषा देवी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच कराए जाने की मांग की है।

महिला सभासद अभिलाषा देवी का कहना है कि वार्ड में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अमृत योजना के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता मानकों की अनदेखी करते हुए निम्न स्तरीय सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आरोप है कि पाइप लाइन की गहराई और गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है, जिससे भविष्य में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है।

उन्होंने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि यदि समय रहते कार्य की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो करोड़ों रुपये की योजना का लाभ क्षेत्रीय जनता को नहीं मिल पाएगा। साथ ही उन्होंने कार्य की तकनीकी जांच कराकर दोषी ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।महिला सभासद ने कहा कि रामनगर उत्तरी के लोग लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं और सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजना से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। ऐसे में कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त शिकायत की जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा सभासद ने जर्जर लाइट पोल बदलवाने व नए पोल लगाए जाने की मांग उठाई

## सभासद ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** नगर पालिका परिषद उरई क्षेत्र के वार्ड-7 शांतिनगर के सभासद माता प्रसाद ने बार्ड के जर्जर हो चुके विद्युत लाइट पोलों को बदलवाने तथा आवश्यक स्थानों पर नए लाइट पोल लगाए जाने की मांग को लेकर भाजपा सभासद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। सभासद ने कहा कि वार्ड के कई मोहल्लों में लगे पुराने और क्षतिग्रस्त लाइट पोल हादसों का कारण बन सकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।



उन्होंने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि कई स्थानों पर लाइट पोल काफी समय से जर्जर अवस्था में हैं, जिनके गिरने की आशंका बनी रहती है। साथ ही वार्ड के कुछ क्षेत्रों में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था न होने से रात के समय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। भाजपा सभासद ने मांग की कि जर्जर पोलों को तत्काल हटाकर उनकी जगह नए एवं सुरक्षित लाइट पोल लगाए जाएं तथा जिन क्षेत्रों में अभी तक पोल नहीं लगे हैं, वहां भी नई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इससे वार्डवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ-साथ संभावित दुर्घटनाओं से भी बचाव हो सकेगा। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

# आरपीएफ इंस्पेक्टर और एन कर्मियों का हुआ विदाई समारोह

( यंग भारत न्यूज )

**उर ई** आरपीएफ इंस्पेक्टर एवं अन्य कर्मियों का विभिन्न स्टेशनों के लिए स्थानांतरण होने पर स्टेशन स्थित वी आई पी सभागार में विदाई समारोह हुआ। उरई में तैनात रहे आरपीएफ इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार यादव सब इंस्पेक्टर देशराज सिंह डीपी सिंह शिवकुमार शर्मा सीमा सिंह हरेश कुमार का कर्मचारियों ने फूल माला स्मृति चिन्ह देकर औरशॉल उड़ा कर स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी आश्रम की प्रमुख मीना दीदी सरिता दीदी बृजभान भाई पूर्व स्टेशन अधीक्षक एसके खरे स्टेशन अधीक्षक राजीव कौशिक प्रवेश निरंजन विवेक दुबे रविंद्र राजपूत गौतम शर्मा अंकित गुप्ता आरपीएफ चौकी इंचार्ज पुखरायां एसके तिवारी रामकिशोर सिंह सब इंस्पेक्टर अंकित कुमार अनुज कुमार वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, श्रीकांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार बृजमोहन निरंजन लाल जी, मुसीर अहमदआरके शर्मा राकेश दुबे रिजवान अहमद चांद बेग आलम भाई ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर आरपीएफ जीआरपी स्टाफ मौजूद रहा। विदाई समारोह का संचालन वरिष्ठ पत्रकार बृजमोहन निरंजन ने किया



# भारत वेलफेयर फाउंडेशन एवं महागौरी ज्वेलर्स द्वारा लस्सी भंडारे का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से भारत वेलफेयर फाउंडेशन तथा महागौरी ज्वेलर्स के संयुक्त तत्वावधान में राजमार्ग स्थित माहिल तालाब के निकट भव्य लस्सी भंडारे का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों, यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को शीतल लस्सी वितरित की गई।



कार्यक्रम में महागौरी ज्वेलर्स के स्वामी विनोद अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया। और उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर भारत वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम राज अग्रवाल , उपाध्यक्ष सुभ सोनी, संस्थापक आदित्य सिंह तथा युवराज तोमर पतराही ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई और स्वयं लोगों को लस्सी वितरित की। कार्यक्रम में कार्तिकेय श्रीवास्तव , अनंत निरंजन , प्रबल सेठ , अंश अग्रवाल , केशव सोनी सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भंडारे को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने लस्सी का प्रसाद ग्रहण किया और आयोजकों के इस सेवा भाव की सराहना की।

# परिवहन विभाग ने चैकिंग अभियान चलाकर 15 बसों के किए चालान

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अवैध रुप से संचालित व परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान 15 बसों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गई।

सुरेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को चेतावनी दी गयी कि वे अपने वाहनों के समस्त दस्तावेज (जैसे-परमिट, फिटनेस, बीमा, कर जमा का प्रमाण, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि) दुरुस्त रखेंगे। बसों में तय क्षमता के अनुसार ही सवारियाँ बैठायेंगे और यात्रियों की सुरक्षा के मानकों (जैसे- फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशामक यन्त्र आदि) का पूरा ध्यान रखें। अगर कोई भी वाहन चालक उक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा तो उपरोक्त वाहन के परमिट निरस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व वाहन स्वामी/चालक का होगा। साथ ही प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों/वाहनों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। बिना वैध दस्तावेज या परमिट शर्तों के विपरीत वाहन चलानें वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक मूलचंद्र निरंजन ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़** (जालौन)विकास खण्ड रामपुरा सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के जनसेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले के दूसरे दिन विभित्र विभागों द्वारा आमजन को सरकार की जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिा योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माधौगढ़ क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का जोख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार समाज के के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभपहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर जनकल्याणकारी सिविर एवं स्वास्थ्य मेले के दूसरे दिन रही है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में देश और प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई मिसाल कायम हुई है।



विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीबों को पक्के मकान, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक सहायता, उज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति, आयुष्मान भारत योजना से जरूरतमंद परिवारों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं, हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के जरिए करोड़ों लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया गया है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाया नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक उनका लाभ पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ पहुंचाना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को बिना किसी विलंब के संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। जनकल्याणकारी शिबिर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। एक ही स्थान पर विभित्र विभागों को सेवाएं उपलब्ध होने से लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलती है और शासन की योजनाओं का लाभआसानी से प्राप्त हो पाता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई। इसके अलावा समाज कल्याण, कृषि, बाल विकास एवं पुष्हहार, पंचायती राज, राजस्व विद्युत, पशुपालन, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों ने अपने अपने स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों से आवेदन भी प्राप्त किए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेश प्रताप सिंह राजावत, सभासद अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापति, प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार गौतम, सचिव अभिनव पाठक, पचोखरा प्रधान देवेंद्र कुमार, सचिव अमर सिंह, सचिव मुकेश कुमार सविता, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राठौरनपुरा में पेयजल संकट गहराया, खराब हैंडपंपों से ग्रामीण परेशान, गंदगी से बढ़ा संक्रमण का खतरा

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़।** तहसील क्षेत्र के ग्राम राठौरनपुरा में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव के लोग लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गांव में लगे सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मंगलवार शाम करीब 5 बजे गांव की स्थिति का जायजा लेने पर देखा गया कि कई सरकारी हैंडपंप खराब अवस्था में पड़े हैं। वहीं हैंडपंपों के आसपास नाली निर्माण न होने के कारण गंदा पानी जमा हो रहा है, जिससे क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से लोगों को दुर्गंध और मच्छरों की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिए गए, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं कराया गया। गांव के लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की समस्या और भी गंभीर हो जाती है। महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वहीं गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जल निगम विभाग से मांग की है कि खराब पड़े हैंडपंपों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए तथा नाली निर्माण कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गांववासियों को राहत मिल सके।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नदीगांव रोड स्थित सोनालिका ऐजेन्सी के पास नगर मंगलवार को एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती ऊस समय गंभीर रूप से घायल हो गई जव तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रिया पटेल पुत्री हरि सिंह निवासी नया पटेल नगर बाबू पैलेस के पास अपनी सहेली कशिश के साथ कोचिंग पढ़कर स्कूटी से घर लौट रही थी। इसी दौरान सोनालिका एजेंसी के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रिया सड़क पर गिरकर घायल हो गई, जबकि उसकी सहेली को मामूली चोटें आईं।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सहायता पहुंचाई और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद घायल युवती को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

सीएचसी में मौजूद चिकित्सक डॉ. गौर ने घायल युवती का प्राथमिक उपचार किया।युवती की गंभीर स्थिति को देखकर उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थानीय लोगो से मामले की जानकारी हासिल की।

# हदरूख चौकी प्रभारी मुकेश गौतम की पुत्री ने रचा इतिहास

## चार-चार सरकारी नौकरियों में चयन, 55 दिनों में रचा इतिहास पेश की मिसाल



( यंग भारत न्यूज )

**उरई जालौन,** हदरूख चौकी प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार गौतम की पुत्री नेहा गौतम ने ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जो लाखों युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। शादीशुदा होने के साथ-साथ दूरस्थ क्षेत्र में शिक्षिका के पद पर कार्यरत रहते हुए उन्होंने मात्र 55 दिनों के भीतर चार प्रतिष्ठित सरकारी परीक्षाओं में सफलता हासिल की। बताया जा रहा है कि उनका चयन IB, SSC CGL, DSSSB PGT Delhi High Court जैसी महत्वपूर्ण भर्तियों में हुआ है। नौकरी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच इस स्तर की उपलब्धि ने उन्हें चर्चा का विषय बना दिया है। जहां कई अभ्यर्थी वर्षों तक एक परीक्षा में सफलता के लिए संघर्ष करते हैं, वहीं इस अभूतपूर्व उपलब्धि ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और सही रणनीति से असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें 'महिला शक्ति की मिसाल' और 'नई पीढ़ी की प्रेरणा' बता रहे हैं। उनकी सफलता उन लाखों युवतियों के लिए संदेश है जो परिस्थितियों को अपनी उड़ान में बाधा मान लेती हैं। नेहा गौतम की शादी मथुरा निवासी श्री चंद्रभान गौतम के साथ हुई थी

# सरकारी अवासबपन है बड़े लोगो के बस का काम

## -गरीब परिवार असुरक्षित छप्पर युक्त घर में रहने को मजबूर

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ ( जालौन )** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रण किया था कि देश के अंदर किसी भी गरीब का मकान कच्चा नहीं रहने दिया जाएगा सभी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देकर छत प्रदान की जाएगी यही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों में ही नहीं शहरों में तमाम आवास देने का काम किया है आवास देकर हर गरीब को छत देने का सराहनीय काम किया है वहीं इस योजना में को तहसील की ग्राम पंचायत हरौली के मजरा कपूरे का पुरा में पलीता लगते नजर आ रहा है हरौली गांव के बृजेश दोहरे पुत्र राम सिया ने एक पत्र उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य को देते हुए बताया कि वह अनुसूचित जाति का गरीब मजदूर व्यक्ति हैं प्रार्थी का घर कच्चा छप्पर युक्त एवं असुरक्षित है बाल बच्चों का इस असुरक्षित जगह में रहना



बरसात के समय में मुश्किल होगा परिवार का गुजारा बामुश्किल कर पा रहा हूं भवन का निर्माण कार्य करवा पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है निर्बल वर्ग के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए जा रहे हैं मगर मुझ प्रार्थी को राजनैतिक द्वेष भावना वश आवास योजना से वंचित रखा जा रहा है दयनीय स्थिति में प्रार्थी को आवास मुहैया कराया जाना न्यायहित में आवश्यक है उक्त ने दयनीय स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए जाने की गुहार लगाई है फिलहाल उक्त गरीब मजदूर व्यक्ति अपने काम को छोड़कर दफ्तरों की धूल फांक रहा है फिर भी उसकी बात को कोई भी नहीं सुन रहा है भले ही योगी जी ने सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना को धरातल पर उतारने का काम किया है पर नीचे की मशीनरी की गति बड़ी ही धीमी होने से पात्रों को लाभ जल्दी नहीं मिल पा रहा है इस संबंध में ग्राम पंचायत अधिकारी हरौली अमित कुमार गुर्जर से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि हरौली पंचायत का प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन हेतु सर्वे किया गया है अब त्रिस्तरीय टीम गांव में जाकर आवास योजना पाने की पात्रता की जांच करेगी पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना

# चंदावली गांव के तालाब पर है अवैध अतिक्रमण, बुजुर्ग ने लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदावली में स्थित सार्वजनिक तालाब पर अवैध अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। गांव के निवासी सुरेंद्र सिंह परिहार ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा तालाब की भूमि पर कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण तालाब का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है।

सुरेंद्र सिंह परिहार ने मंगलवार शाम करीब 5 बजे अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि तालाब पर कब्जा होने से गांव में जल संरक्षण की व्यवस्था प्रभावित हो रही है और पशु-पक्षियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पहले यह तालाब क्षेत्र के पशुओं, पक्षियों एवं आसपास के लोगों के लिए पानी का प्रमुख स्रोत था, लेकिन अतिक्रमण के चलते इसका स्वरूप लगातार सिकुड़ता जा रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है, जिससे पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बुजुर्ग सुरेंद्र सिंह परिहार ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए तथा तालाब का पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कराया जाए, जिससे गांव में जल संरक्षण को बढ़ावा मिले और पशु-पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो गांव की यह महत्वपूर्ण जलस्रोत भूमि पूरी तरह समाप्त हो सकती है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# ज्येष्ठ माह के मंगलवार कों विशाल भंडारा का आयोजन हुआ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड-1) परिवार, उरई द्वारा ज्येष्ठ माह के मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्तगणों नें अपने मनोकामना कों पूर्ण करने कों लेकर विशाल भंडारे का आयोजन किया।

आयोजकों नें बताया कि इस भंडारे में करीब 8 कुंतल प्रसाद की व्यवस्था की गई। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तगणों विभागीय कर्मचारियों और आमजन ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण का क्रम शुरू हुआ, जो देर शाम चलता रहा। भंडारे में भक्तगणों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे परिसर में भक्ति एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ समाज में सेवा, सहयोग और सद्भावना की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोक निर्माण विभाग परिवार के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। भंडारे में पहुंचे भक्तगणों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा लोगों में आपसी भाईचारे को मजबूत बनाते हैं। इस मौके पर पुनीत विश्वकर्मा, संतोष, मुकेश, दीपांकर, चंद्रप्रकाश, रामजी, सुनील कुमार, संजय दीक्षित समेत लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

# तहसील परिसर में कर्मचारी का हाईवोल्टेज ड्रामा, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील परिसर में एक कर्मचारी द्वारा कथित रूप से शराब के नशे में हंगामा करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद तहसील परिसर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

वायरल वीडियो में तहसील कर्मचारी गुलाब सिंह कुशवाहा कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वह एक व्यक्ति की ओर आक्रामक तरीके से बढ़ते नजर आ रहे हैं और मारपीट करने का प्रयास करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। जिस व्यक्ति के साथ विवाद होने की बात कही जा रही है, उसने मंगलवार शाम करीब 4 बजे अपनी आपबीती सुनाते हुए आरोप लगाया कि कर्मचारी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की गई। आरोप यह भी है कि तहसील में कार्यरत एसडीएम कार्यालय के कर्मचारी अनिल कुमार के साथ भी गाली-गलौज की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने सरकारी कार्यालयों में अनुशासन बनाए रखने की मांग उठाई है। वहीं मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी कर्मचारी आचरण नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की जांच के बाद प्रशासन क्या कार्रवाई करता है। क्षेत्रीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# कुठौंद के घटिया निजी अस्पताल में हुई जच्चा और बच्चा की मौत के बहुचर्चित मामले में दो डॉक्टरों समेत चार पर दर्ज हुआ मुकदमा, अस्पताल सील

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।जनपद** के कुठौंद कस्बे स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर कुठौंद थाने का घेराव किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया है, जबकि पुलिस ने दो चिकित्सकों और दो अज्ञात नर्सों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम नौरजपुर निवासी जितेंद्र ने अपनी पत्नी रश्मी को प्रसव पीड़ा होने पर 13 जून को कस्बे के बांके बिहारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों और स्टाफ ने सामान्य प्रसव का भरोसा दिलाया, लेकिन प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद रश्मी की हालत भी बिगड़ने लगी। गंभीर स्थिति होने पर उसे पहले औरैया के एक अस्पताल और फिर चिचौली रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने मां और बच्चे दोनों को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पति जितेंद्र ने आरोप लगाया कि अस्पताल में उपचार के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई। साथ ही घटना के बाद अस्पताल के चिकित्सक आवश्यक दस्तावेज लेकर मौके से चले गए। उनका यह भी कहना है कि इलाज के नाम पर करीब 15 हजार रुपये लिए गए थे। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कुठौंद थाने पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित उपचार मिलता तो मां और नवजात की जान बचाई जा सकती थी। मामले की सूचना मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने अस्पताल की जांच कराई। प्रारंभिक जांच में अनियमितताएं पाए जाने पर बांके बिहारी हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी मामले की अलग से जांच की जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर डॉ. बृजेश तिवारी, डॉ. कौशल तथा दो अज्ञात नर्सों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रयागराज में चमकीं जालौन की सुनीता वर्मा, जीता स्वर्ण और दो रजत पदक

## - राज्य स्तरीय वेटरंस बैडमिंटन प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

## - मेडल और मोमेंटो देकर किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** प्रयागराज में आयोजित प्रथम यूपी स्टेट लेट देवेन्द्र नाथ मेमोरियल वेटरंस बैडमिंटन टूर्नामेंट में जालौन की सरकारी अध्यापिका सुनीता वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया।

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन प्रयागराज के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सुनीता वर्मा ने सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स स्पर्धाओं में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने सिंगल्स वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि अन्य स्पर्धाओं में दो रजत पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजन समिति ने सुनीता वर्मा को मेडल पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। उनकी उपलब्धि पर खिलाड़ियों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। सुनीता वर्मा वर्तमान में सरकारी विद्यालय में अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं। उरई में चुरखी बाई पास पर रहती है। नौकरी के साथ खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने यह साबित किया है कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर किसी भी उम्र में सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी इस उपलब्धि को युवा खिलाड़ियों और महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

# यूपी जिला पंचायतों में बड़ा बदलाव, नई व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया शुरू

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश की जिला पंचायतों में जल्द ही एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पंचायती राज विभाग राज्य में मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां-2026 लागू करने की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को एक सुनियोजित और मानक आधारित दिशा मिलने की उम्मीद है।



प्रस्तावित उपविधि पर विभिन्न स्तरों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों की समीक्षा की जा रही है। आवश्यक बदलावों के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। पंचायती राज विभाग का कहना है कि नई उपविधि को जिला पंचायतों के बोर्ड से मंजूरी दिलाकर जल्द से जल्द लागू करने की योजना है। नई उपविधियों में ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सुविधाओं के लिए स्पष्ट मानक तय किए गए हैं, जिससे विकास कार्यों में एकरूपता लाई जा सके।

प्रमुख प्रावधान इस प्रकार हैं:

प्रति 5000 जनसंख्या पर 1000 वर्गमीटर में प्राथमिक विद्यालय।

प्रति 7500 जनसंख्या पर 2000 वर्गमीटर में जूनियर हाईस्कूल।

प्रति 15,000 जनसंख्या पर 100 वर्गमीटर में बिना बेड वाला अस्पताल।

प्रति 1 लाख जनसंख्या पर 3000 वर्गमीटर में 50 बेड का अस्पताल।

प्रति 15,000 जनसंख्या पर 1500 वर्गमीटर में पुलिस चौकी।

प्रति 25,000 जनसंख्या पर 1000 वर्गमीटर में सामुदायिक केंद्र या बारात घर।

प्रति 500 जनसंख्या पर 10 वर्गमीटर में एक दुकान।

इन मानकों से ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

पार्क और खुले स्थान की व्यवस्था अनिवार्य

नई उपविधियों में आवासीय और गैर-आवासीय क्षेत्रों के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। आवासीय ले-आउट में कम से कम 15% भूमि पार्क या खुले स्थान के लिए अनिवार्य, गैर-आवासीय ले-आउट में 10% भूमि खुला स्थान छोड़ना जरूरी, इससे शहरीकरण के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।पंचायती राज विभाग के अनुसार, इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में अव्यवस्थित निर्माण को रोकना और योजनाबद्ध विकास को बढ़ावा देना है। प्रमुख सचिव अनिल कुमार के अनुसार, सभी सुझावों का निस्तारण कर उपविधि को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके बाद इसे जिला पंचायतों के माध्यम से लागू किया जाएगा। नई उपविधियों के लागू होने से गांवों में स्कूल, अस्पताल, पुलिस व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का विकास अधिक व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह कदम उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास मॉडल को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।

# बंगाल पुलिस ने जहांगीर को दोबारा कराई परेड, नंगे पैर 4 घंटे सड़क पर चलाया ; महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**कोलकाता।** बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता जहांगीर खान को पुलिस ने एक बार फिर सार्वजनिक रूप से सड़क पर परेड कराई। इस दौरान जहांगीर खान हाफ पैंट में नजर आए और लोगों के सामने कान पकड़कर तथा हाथ जोड़कर माफी मांगते दिखाई दिए।




पुलिस सूत्रों के अनुसार, जहांगीर खान को चल रही जांच के तहत फालता लाया गया था। इससे पहले 11 जून को भी उनकी इसी तरह सार्वजनिक परेड कराई गई थी। अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े विभिन्न स्थानों की पहचान और जांच प्रक्रिया के लिए उन्हें घटनास्थलों तक ले जाया गया। जहांगीर खान को 8 जून को नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया था। उन पर अवैध वसूली, दबंगई और महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस इन आरोपों की जांच कर रही है और मामले में कई पहलुओं की पड़ताल जारी है। फालता क्षेत्र में जहांगीर खान का लंबे समय तक प्रभाव माना जाता रहा है। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह प्रस्तुत किया था। कई जनसभाओं में उन्होंने फिल्म का चर्चित संवाद 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' दोहराया था। इस अंदाज के जरिए उन्होंने खुद को एक ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश करने की कोशिश की थी जो किसी दबाव के आगे नहीं झुकता। मई 2026 में जहांगीर खान ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी मांगी थी और गिरफ्तारी से संरक्षण की मांग की थी। उनका आरोप था कि उनके खिलाफ लगातार कई आपराधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और मामले पर सभी की नजर बनी हुई है।

# 1 लाख रुपये देकर रिया गुप्ता से रचाई शादी, 2 दिन बाद निकली मुस्लिम यास्मीन, 48 घंटे बाद घर पहुंची पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**रामपुर।** प्रदेश के रामपुर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. एक मुस्लिम महिला ने हिंदू नाम रखकर एक हिंदू युवक से शादी रचाई. शादी के महज दो-तीन दिन बाद उसका असली चेहरा सामने आ गया. महिला ने पीड़ित युवक से एक लाख रुपये भी लिए थे. पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.



पीड़ित युवक पुनीत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि 11 जून को उनकी शादी रिया गुप्ता नाम की लड़की से हुई थी. हरिद्वार का पता और रिया गुप्ता का नाम बताया गया था, लेकिन असल में लड़की का नाम यास्मीन था. वह बरेली जिले के आंवला की रहने वाली है और पहले से शादीशुदा थी. उसके बच्चे भी हैं. पुनीत ने बताया कि उनके मौसा ने कल्लू और राम सिंह नाम के दो लोगों से शादी के बारे में पूछा था. इन दोनों ने कहा कि एक अच्छी लड़की है, शादी करा सकते हैं. जब खर्चे की बात हुई तो कल्लू ने एक लाख रुपये बताए. 11 जून को तारीख तय होने पर पूरा पैसा दे दिया गया. शादी हो गई और सब कुछ ठीक लगा. शादी के शुरुआती दो दिन महिला सामान्य व्यवहार करती रही. तीसरे दिन उसने कहा कि उसकी तबीयत खराब है, डॉक्टर के पास ले चलो. डॉक्टर के यहां जाने के बाद उसने पुनीत को बाहर भेज दिया. घर लौटने के बाद वह नखरे करने लगी. पुनीत जब काम पर बाहर गए तो महिला ने 112 पर फोन कर पुलिस बुला ली. पुलिस पहुंची और आधार कार्ड चेक किया. आधार में नाम यास्मीन दर्ज था. उसके मोबाइल में असली आधार कार्ड भी मिला. यास्मीन ने नकली आधार कार्ड बनाकर रखा था. रामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है. मुख्य आरोपी यास्मीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. कल्लू और राम सिंह की तलाश जारी है. पीड़ित पुनीत का कहना है कि यह लोग शादी के नाम पर लोगों को फंसाने का धंधा चलाते हैं. यास्मीन ने खुद कहा कि वह बच्चों के पालन-पोषण के लिए यह सब करती है. अब युवक न्याय की उम्मीद कर रहा है.

# खूबसूरत पड़ोसन पर फिसल गया पति का दिल! पत्नी को था अवैध संबंध भी बनाने का शक; यूट्यूब देखकर बनाया ऐसा प्लान, पुलिस भी खा गई चक्कर

( यंग भारत न्यूज )

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. जयपुर के हरमाड़ा इलाके में पत्नी को शक था कि उसके पति का पड़ोसन के साथ चक्कर है. अवैध संबंधों के शक ने पत्नी को इस कदर सनकी बना दिया कि उसने पड़ोसन से ही बदला लेने की ठान ली.



इसके बाद पड़ोसन को सबक सिखाने की नीयत से महिला ने बच्ची की हत्या की खौफनाक साजिश रची और उसका गला घोंटकर मार डाला. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की मौत दम घुटने से होना सामने आया है. इसके बाद जांच की कड़ी में शक यकीन में बदला तो महिला को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि पति और पड़ोसन के बीच अवैध संबंध का शक होने पर बदला लेने के लिए सारी साजिश रची. वह पड़ोसन को ऐसा दर्द देना चाहती थी, जिससे वह जीवन भर याद रखे. 5 साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी. इसी दौरान प्लानिंग के तहत लालच देकर बच्ची को अपने घर लेकर गई. इसके पाद बच्ची के कपड़े उतार दिए और मार डाला. फिर शव को कंबल में लपेटकर घर में रखे बेड के अंदर छिपा दिया. डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरन ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी महिला गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया है. पत्नी ने यूट्यूब के जरिये मासूम की हत्या की तरकीब सीखी फिर 5 साल के बच्चे का मर्डर किया. जयपुर के हरमाड़ा इलाके में 5 साल की बच्ची की हत्या के मामले में आरोपी महिला की पुलिस की गिरफ्त में है. वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है. पुलिस ने शक के आधार पर बच्ची के नहीं मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले. फिर महिला के घर की तलाशी ली दो कंबल में लिपटा मासूम का शव बरामद हुआ. पूछताछ में सामने आया कि महिला बच्ची की लाश फेंकने की तैयारी में थी. इससे पहले ही महिला को पुलिस ने धर दबोचा.

# 'टोपी कहां है, सलामी क्यों नहीं दी', फर्जी आईपीएस बन पुलिस पर रौब झाड़ रहा था युवक; पहुंचा थाने

( यंग भारत न्यूज )

असली पुलिसकर्मियों को डांटने के आरोपी एक नकली आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। लखनऊ महानगर पुलिस ने पुलिसकर्मियों को डांटने के आरोपी एक नकली आईपीएस को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान लखनऊ के निवासी मिथिलेश शुक्ला (38) के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर चाय की दुकान पर हुए विवाद के दौरान पुलिसकर्मियों को धमकाया और सलामी न देने पर डांट लगाई।

पुलिस के मुताबिक, 13 जून की रात गोल मार्केट क्रॉसिंग के पास चाय की दुकान पर चाय-नाश्ते के भुगतान को लेकर झगड़ा होने की सूचना मिली थी और मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि मिथिलेश शुक्ला दुकानदार से बहस कर रहा था। पूछताछ करने पर उसने खुद को नोएडा का आईपीएस अफसर बताया और पुलिसकर्मियों से पूछा कि आपकी टोपी कहां है? मुझे सैल्यूट क्यों नहीं किया? पहचान पत्र मांगने पर वह यह कहकर चला गया कि बाद में ले आएगा। बाद में घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सोमवार को सूचना मिली कि उसी व्यक्ति ने चाय की दुकान पर फिर से हंगामा किया है जिसके बाद पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले आई। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह आईपीएस नहीं बल्कि नोएडा के सेक्टर-18 की एक कंपनी में अकाउंट एग्जीक्यूटिव है। मिथिलेश लखनऊ का ही रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि महानगर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लखनऊ में ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सीट न मिलने पर बम की झूठी खबर फैलाने के आरोप में एक यात्री को हिरासत में लिया गया है। इस अफवाह से यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई



और कई सुरक्षा एजेंसियों को जांच के लिए मौके पर पहुंचना पड़ा। लखनऊ पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान तेलंगाना के निवासी सैनी जैकी (26) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसने ट्रेन में बैठने की जगह न मिलने के कारण बम की झूठी सूचना दी थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, जीआरपी और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और ट्रेन की गहन तलाशी ली। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। बम की सूचना पूरी तरह फर्जी निकली।'

आरोपी को जीआरपी ने हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में तीन लोगों ने शराब पीने के दौरान पैरों की मालिश से इनकार करने पर दलित व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ज़ुबान खोली तो पापा को मार डालूंगा.' पिता की सांसों का सौदा कर मासूम की आबरू लूटता रहा दरिंदा!

( यंग भारत न्यूज )

**आगरा।** प्रदेश के आगरा से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक नाबालिग छात्रा को उसके पिता की हत्या की खौफनाक धमकी देकर अस्मत लूट ली गई। पिता की जिंदगी की खातिर वह मासूम लंबे समय तक खामोश रही और दरिंदा उसकी आबरू से खेलता रहा। जब दर्द का घड़ा भर गया, तो पीड़िता ने रोते हुए अपनी मां को आपबीती सुनाई। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को दबोच लिया है, जबकि उसके एक साथी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



यह सनसनीखेज मामला आगरा के थाना एकता क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा पिछले कुछ समय से गहरे मानसिक तनाव से गुजर रही थी। वजह थी एक शातिर अपराधी की खौफनाक धमकी। ताल सेमरी इलाके के रहने वाले रवि नाम के युवक की नजर इस नाबालिग छात्रा पर थी। आरोपी रवि ने छात्रा को जाल में फंसाने के लिए उसके पिता की हत्या करने की धमकी दी थी। वह बार-बार छात्रा से कहता था कि अगर उसने जुबान खोली या उसका विरोध किया, तो वह उसके पिता को जान से मार डालेगा। अपने पिता की सलामती और उनकी जान की खातिर वह मासूम सहमी रही और चुपचाप इस जुल्म को सहती रही। इसी खौफ का फायदा उठाकर आरोपी रवि ने अपने एक दोस्त हेमंत के साथ मिलकर छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) की वारदात को अंजाम दिया। दरिंदगी का यह सिलसिला जब हद से पार हो गया, तो मासूम का सब्र टूट गया। वह इस असहनीय दर्द और खौफ को और अधिक नहीं छुपा सकी। रविवार को वह अपनी मां के सामने फूट-फूट कर रो पड़ी। रोते हुए उसने अपनी मां को पूरी दास्तान सुनाई कि किस तरह रवि और हेमंत ने उसके पिता की जान लेने की धमकी देकर उसकी जिंदगी को नर्क बना दिया है। बेटी की आपबीती सुनकर मां के पैरों तले जमीन खिसक गई। वह तुरंत अपनी बेटी को लेकर न्याय की गुहार लगाने थाना एकता पहुंची। थाने में शिकायत मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत पोक्सो एक्ट और दुष्कर्म की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) दर्ज कर ली। डीसीपी सिटी सय्यद अरीब अहमद ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार को महिला ने थाना एकता में अपनी नाबालिग बेटी के साथ हुई इस वारदात की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस की टीमों को आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रवि को देवरी पुलिया के पास से घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया डीसीपी सिटी सय्यद अरीब अहमद ने बताया कि मुख्य आरोपी रवि पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है और उससे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। वहीं, इस घिनौने अपराध में उसका साथ देने वाले दूसरे आरोपी हेमंत की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपी हेमंत को भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस पीड़िता का मेडिकल कराकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

# कपूर कारोबारी को पत्नी ने चाकू से गोद कर मार डाला, प्रेमी से फोन पर बात करते समय टोकने पर भड़की

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** प्रदेश के कानपुर के फीलखाना क्षेत्र से एक हैरतंगेज आपराधिक वारदात सामने आई है। यहां एक कपूर कारोबारी को उनकी पत्नी ने ही चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया है। आरोप है कि पत्नी का पिछले कुछ सालों से किसी से अफेयर चल रहा था।



पति को इसकी जानकारी हो गई थी। 5 जून को प्रेमी से फोन पर बात करने के दौरान पति के टोकने पर भड़की पत्नी ने यह खौफनाक कदम उठाया। उसने किचन से चाकू लाकर अपने पति के पेट में मार दिया। गंभीर रूप से घायल पति को हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। कपूर कारोबारी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना, कानपुर के फीलखाना क्षेत्र के बालाजी धाम अपार्टमेंट की है। मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय मनीष कपूर का कारोबार करते थे। परिवार में पिता रामकिशोर, मां मीरा, पत्नी निहारिका और पांच साल का बेटा है। पिता रामकिशोर ने बताया कि 2017 में उनके बेटे मनीष ने काहूकोठी में रहने वाली निहारिका से प्रेम विवाह किया था। करीब दो साल पहले बेटे को पता चला कि बहू का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इस बात को लेकर अक्सर दोनों के बीच में झगड़ा होता था। 5 जून को बहू फोन पर बातचीत कर रही थी। बेटे ने उसे टोका तो वह झगड़ा करने लगी। इस दौरान बहू ने किचन से चाकू लाकर बेटे के पेट में मार दिया। इससे बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवारीजनों उसे तत्काल केपीएम अस्पताल ले गए जहां से उसे हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान मंगलवार को बेटे की मौत हो गई। मनीष की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे फीलखाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। हर किसी की जुबान पर इसी घटना की चर्चा है। पिता का कहना है कि निहारिका से मनीष ने नौ साल पहले लव मैरिज की थी। शुरुआत में दोनों के बीच सब ठीक-ठाक था लेकिन फिर निहारिका का अफेयर किसी और से हो गया। दो साल पहले मनीष को इस बारे में पता चला तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। इसके बाद से उनकी पारिवारिक जिंदगी में आए दिन क्लेश होने लगा। दोनों के बिगड़ते रिश्तों को लेकर परिवार के लोग चिंतित थे लेकिन किसी ने यह नहीं सोचा था कि इस नाजायज रिश्ते का ऐसा खौफनाक अंजाम होगा। इस बारे में पूछे जाने पर फीलखाना थाना प्रभारी अभय नारायण ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित महिला को गिरफ्तार करके पूछताछ की गई। उसे फिलहाल जेल भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों से जनपद के ज्वलंत बिंदुओं पर खुल कर की बात

- कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में आयोजित हुई कोर कमेटी की बैठक
- सड़क,पानी, बिजली के कार्य एवं परियोजनाओं को जल्द पूर्ण करें :- सांसद झांसी-ललितपुर
- विद्युत आपूर्ति को सुधारे जाने के निर्देश,ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग के कार्य पर जताया असंतोष
- कोर कमेटी की बैठक में नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर हुआ मंथन, बस स्टैंड शिफ्टिंग पर भी हुई चर्चा
- अभियान चलाकर अवैध ढंग से संचालित हो रहे ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट पर करें सख्त कार्रवाई:- जिलाधिकारी
- जिलाधिकारी ने सांसद सहित जनपद के जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर की चर्चा



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा सहित समस्त जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए नगर में सुरक्षित आवागमन हेतु ट्रैफिक व्यवस्था, हर आमजन तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के अतिरिक्त जनपद में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

आयोजित बैठक सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा ने समस्त विधायक, सदस्य विधान परिषद एवं जिलाध्यक्ष,महानगर अध्यक्ष से कहा की नगर में सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था,प्रत्येक नगरवासी को पर्याप्त शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के अतिरिक्त नगर एवं जनपद में पर्याप्त विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना हम सभी कि नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समय से और गुणवत्तापरक कार्य करने के निर्देश दिए ताकि जनपदवासियों को परेशानी न हो। बैठक में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में कोर कमेटी की बैठक प्रतिमाह आयोजित की जाएगी। आज बैठक में सर्वप्रथम लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जो कार्ययोजना फाइनल हो गई है उसे जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए ताकि अन्य कोई प्रस्ताव छूट गए हों, उन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल किया जा सके। बैठक में सांसद अनुराग शर्मा ने कचरी चौराहा से बस स्टैंड की ओर बनने वाले फ्लाईओवर के प्रस्ताव की प्रगति की जानकारी ली। विधायक सदर श्री रवि शर्मा ने सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिया कि फल मण्डी/सब्जी मण्डी भोजला मंडी में शिफ्ट किया जाए ताकि बस स्टैंड के आसपास यातायात सुरक्षित हो सके। उन्होंने बस स्टैण्ड को मून सिटी भगवंतपुरा के पास शिफ्ट करने का प्रस्ताव दिया, उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी ऐसा प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। महानगर अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह ने मेडिकल कालेज के सामने लगातार ट्रैफिक की समस्या रहने पर मरीजों को होने वाली परेशानियों के संबंध में जानकारी दी और उसके निस्तारण हेतु सुझाव दिया। कोर कमेटी की बैठक में जनपद सहित नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की चर्चा करते हुए सदर विधायक श्री रवि शर्मा ने कहा कि नगर में निर्माणाधीन अमृत-01एवं 02 योजना झॉसी नगर विधानसभा को सीधे प्रभावित करती है। नगर में पेयजल आपूर्ति की विकट समस्या है,लगातार लोगों द्वारा शिकायत की जा रही है। वर्षों पुरानी पाइपलाइन लीकेज हो रही है।शुद्ध पानी में गंदा पानी मिलकर घरों तक पहुंच रहा है। ऐसी स्थिति में जब तक नई पाइपलाइन नहीं डालेंगे तो कैसे समस्या का हल होगा। उन्होंने जर्जर हो गई पाइपलाइन का सर्वे कराते हुए नई पाइपलाइन डाली जाने की कार्ययोजना बनाए जाने का सुझाव दिया। बैठक में सदस्य विधान परिषद रामतीर्थ सिंघल ने नगर में योजनाअंतर्गत डाली पाइपलाइन को अधौमानक बताया और कहा कि मुफ्त लाइन डाले जाने पर भी क्षेत्र में लोगों से पैसा लिया जा रहा है। मेयर बिहारीलाल आर्य ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में योजना अंतर्गत पाइपलाइन डालने में जो सड़क क्षतिग्रस्त की गई है, उसे गुणवत्तापूर्ण ठीक कराया जाए ताकि आवागमन में असुविधा न हो। पेयजल आपूर्ति के कार्यों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी ने स्पष्ट निर्देश दिए की योजना अन्तर्गत जल संयोजन नि:शुल्क दिया गया। सुनिश्चित किया जाए। शिकायत में मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने बूस्टर के माध्यम से टेल तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए। कोर कमेटी की बैठक में विद्युत विभाग के कार्यों पर समस्त जनप्रतिनिधियों ने असंतोष व्यक्त किया। विधायक सदर रवि शर्मा ने नगर में ई रिक्शा चार्जिंग पर इन्फोर्समेंट की कार्यवाही करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी करते हुए जगह-जगह मोहल्लों में ई-रिक्शा चार्ज हो रहे और प्रति रिक्शा 100 रुपया वसूले जा रहे। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तत्काल विभाग को अभियान चलाकर अवैध ढंग से संचालित हो रहे ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष जिला पंचायत श्री पवन गौतम ने भी जगह-जगह ई रिक्शा चार्जिंग को गलत ठहराते हुए कार्यवाही करने का सुझाव दिया। बैठक में सांसद अनुराग शर्मा ने कटेरा देहात में काफी समय से खराब ट्रांसफार्मर को ठीक न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक बबीना श्री राजीव सिंह परीछा ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पुनांवली में काफी समय से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। बैठक में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर बड़ागांव, चिरगांव सहित मोंठ क्षेत्र में धान की फसल लेने पर किसानों को पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अभी से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक नगर रवि शर्मा, विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत, विधायक मऊरानीपुर डॉ0 रश्मि आर्या, विधायक बबीना राजीव सिंह परीछा, सदस्य विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन, सदस्य विधान परिषद रामतीर्थ सिंघल, महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति,नगर आयुक्त सुश्री आकांक्षा राणा मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनबाड, एसपी ग्रामीण डॉ0 अरविंद कुमार, एडीएम प्रशासन प्रताप शुक्ल, एसपी सिटी श्रीमती प्रीति सिंह, सचिव झांसी विकास प्राधिकरण गौरव शुक्ला,अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रजनीश गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सुभाष चन्द्र सहित जलनिगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला की कार्य योजना बैठक सम्पन्न




( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी की जिला योजना बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक मे सर्व प्रथम पं दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने वर्तमान मे संगठन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं आने वाले कार्यक्रमों के बारे मे चर्चा की। प्राकृतिक खेती, कार्यशाला वृक्षारोपण कार्य को गति देकर जिले मे ज्यादा से ज्यादा बृक्ष लगवा कर क्षेत्र व प्रदेश जिला को नंबर पर लाना है।17 जून को झांसी जिला का प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन मऊरानीपुर के श्री जी पैलेस मे किया जा रहा है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभा शुक्ला राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहेंगी। 19 जून को प्राकृतिक खेती पर किसानों का सम्मेलन दीनदयाल सभागार मे आयोजित किया जायेगा जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहेंगे। 21 जून को योग दिवस एवं बृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, चंचल कंठरिया, जिला मंत्री यज्ञेश यादव, यशोदा कुशवाहा, अजय राय नोटा कृष्ण चन्द्र तिवारी, देवेंद्र कंसाना चेयरमैन समथर, दीपक त्रिपाठी जितेंद्र सिंह गुर्जर, ध्रुव सिंह परमार, पवन बुलकिया, मुकेश पटेल, पुष्पेंद्र दुबू, मोहित तिवारी, प्रगति आर्य, राजपाल सिंह,लोकेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ अनिल राज ने किया

# महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को प्राथमिकता से करें निस्तारणः अध्यक्ष

**महिलाओं को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश**




- -शिशु बालिकाओं की माताओं को जन्मोत्सव बधाई, बेबी किट वितरित
- -जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं से पूर्ण संतुष्ट
- -महिला वार्ड में महिला मरीजों से संवाद कर जानी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी:** अध्यक्ष, (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त), उ0प्र0, राज्य महिला आयोग डॉ0 बबीता सिंह चौहान जी द्वारा सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी के साथ अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिला महिला चिकित्सालय, झांसी का निरीक्षण, गोद भराई, अन्नप्राशन व कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग द्वारा सर्वप्रथम जिला महिला चिकित्सालय, झांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने अल्ट्रासाउण्ड सेंटर, ओपीडी, लेबर रुम एवं महिला वार्ड में महिला मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा महिला अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती महिलाओं से उनका हाल-चाल जाना, यहां पर मा0 अध्यक्षा जी द्वारा गोद भराई, अन्नप्राशन व कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग कर जन्म लेने वाली 01 दिवसीय शिशु बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने 12 शिशु बालिकाओं की माताओं को जन्मोत्सव बधाई पत्र, बेबी किट एवं मिष्ठान वितरित करते हुये कहा कि बेटे एक परिवार का और बेटियां दो परिवारों का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण तत्परता के साथ प्रगतिशील है। प्रत्येक अभिभावक अपनी बेटियों को अनिवार्य रुप से शिक्षित बनायें, जिससे वह आत्मनिर्भर बनकर समाज एवं देश की सेवा कर सके। इसके पश्चात अध्यक्ष, राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस सभागार में किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कुल 20 प्रकरण प्राप्त हुए, जो अधिकतर पुलिस विभाग से सम्बन्धित रहे। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से सुनते हुये 15 दिन में गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी बताया कि पुराने सभी प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया है। जनसुनवाई के दौरान एक वृद्ध महिला जिसके पैरों में चोट लगी थीं वह अपनी कुर्सी से नहीं उठ पाने के कारण मा0 अध्यक्ष ने देखा तो बिना देर किये पहले उस वृद्ध महिला के पास पहुंचकर उसकी समस्या को सुना और सम्बन्धित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस, महिला कल्याण, उद्योग (एक जनपद एक उत्पाद), समाज कल्याण (मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन), पिछड़ावर्ग कल्याण, स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टाहार, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा (नि:शुल्क नामांकन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों के लिए आवश्यक सुविधायें), दिव्यांगजन विभाग (पेंशन, शादी अनुदान योजना) एवं पंचायती राज विभाग में स्वच्छ भारत अभियान के सम्बन्ध में अधिकारियों से विभागीय प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुये स्पष्ट निर्देश दिये कि महिलाओं को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने निर्देश दिये कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभाग में संचालित सरकारी योजनाओं से अधिक से अधिक महिलाओं को लाभान्वित करायें। पुलिस विभाग के अधिकारी ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में एण्टी रोमियो एवं मिशन शक्ति सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों का व्यापक रुप से प्रचार-प्रसार करायें। उन्होंने सभी विभागों में विशाखा समिति गठन के साथ ही उसका अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने सभी औद्योगिक संस्थानों में सेनेटरी पैड हेतु वैडिग मशीन एवं शिकायत पेटिका लगाये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शिशिर पुरी, ए0सी0एम0ओ0 डॉ0 एन0के0 जैन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय डॉ0 राजनारायण, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 प्रियंका चौधरी, डॉ0 अंशु, डॉ0 रेनू तरैया, सीओ सिटी सुश्री प्रिया सिंह, महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश राजपूत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नैमिषारण्य धाम में भागवत कथा 18 जून से

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** नैमिषारण्य धाम से पधारे प.श्री देव करन शास्त्री ' छलांगी जी महाराज 'ने सिद्धेश्वर मंदिर पर गुरु जी प .श्री हरि ओम पाठक जी से आत्मीय भेंट कर बताया कि श्री नेमीधरण्य तीर्थ क्षेत्र में दिनांक 18 जून से 24 जून तक अष्टोत्तर पारायण पाठ व श्री मद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चित्रकूट धाम से पधारे प,श्री कृपा शंकर जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन भागवत प्रवचन होंगे ,यज्ञ आचार्य प .श्री अरविन्द शास्त्री जी परसुआ तथा यज्ञ आयोजक प. श्री छलांगी जी महाराज के निर्देशन में समस्त कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें समस्त बुंदेलखंड से भक्त गण व धर्म प्रेमी भाग ले रहे हैं ।अत: सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि इस अवसर पर तीर्थ क्षेत्र में पधारकर श्रीमद्भागवत श्रवण कर पुण्यलाभ लें। इस अवसर पर राकेश त्रिपाठी, दिवाकर दुबे, प्रभाकर त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे

# संगठन का प्रतिनिधि मंडल मिला बीएसए से

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** संगठन का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष सुनील पाण्डेय एवं महामन्त्री राकेश गुबरेले के नेतृत्व में नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड़ से मिला।

सभी पदाधिकारियों तथा शिक्षको ने BSA झाँसी को माला पहनाकर पुष्पगुच्छ देकर, साल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर जनपद में आने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संगठन ने शिक्षको की लंबित समस्याओं के समाधान तथा वर्तमान में चल रहे समायोजन को पारदर्शी एवं न्यूनतम स्तर तक ले जाने हेतु अनुरोध किया। धीरेंद्र पाल सिंह निर्दोष पुरोहित जितेंद्र त्रिपाठी अरविंद दुबे, राजेन्द्र बर्मा ,मु आसिफ ,जय प्रकाश बबेले कक्का ,पवन पांडे ,ब्रजेन्द्र पटेरिया समसुद्दीन ,अमित गुप्ता , नीरज सचान ,खालिद भाई, अशोक द्विवेदी, रामेश्वर पाल ,हर प्रसाद अहिरवार, राजेश उपाध्याय, मनोज उपाध्याय ,कैलाश बर्मा , ओमप्रकाश साहू ,कृष्ण कुमार रिछारिया ,रविंद्र दुबे ,उत्तम धाकड़ , ममता गोला , अम्बरीष समाधियां आदि शिक्षक, पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पति से सात जन्मों के साथ का वादा कर प्रेमी संग मौत को लगाया गले

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक युवती ने पूरे रीति रिवाज के साथ सात मई को विवाह किया सात फेरे लेकर सात जन्मों तक जीने मरने की कसम खाई और विदा हो कर ससुराल चली गई लेकिन जब ससुराल से पहली दफा मायके लौटी उसके अगले ही दिन गांव के एक युवक के साथ पेड़ में लटका दोनों का शव मिला ।जिसके बाद इलाके में चीख पुकार मच गई और दोनों के परिवार में कोहराम मच गया।

दरअसल पूरा मामला मर्का थाना अंतर्गत अधाव का है जहां गांव के बाहर खेतों के बीच एक पेड़ में एक युवक और नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर मौके में बुलाया जहां पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य संकलन के लिए घटना स्थल पर बुलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि परिजनों से पूछ ताँछ करने पर जानकारी मिली है कि युवती की शादी सात मई को हुई थी और बीते दिन ही ससुराल से मायके पहली दफा आई थी ।रात को सज संवर कर कहीं चली गई थी जिसे परिजन पूरी रात तलाशते रहे ।तभी जानकारी मिली कि गांव के बाहर एक युवक के साथ एक ही पेड़ पर दोनों लटके हुए पाए गए हैं। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस को कुचलने का प्रयास कर गाड़ी टक्कर मारने वाले सट्टा माफिया शुभम उपाध्याय सहित तीन की जमानत खारिज, जेल में ही रहना पड़ेगा सट्टा माफियाओं को

**झांसी।** डेढ़ माह पूर्व नवाबाद थाना पुलिस को कुचलने का प्रयास करते हुए सरकारी गाड़ी से फॉर्च्यूनर गाड़ी में टक्कर मारने वाले सट्टा माफिया शुभम उपाध्याय ओर उसके साथियों को न्यायालय सत्र न्यायाधीश कमलेश कच्छल की अदालत ने जमानत देने से इनकार करते हुए उनका जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। अभियुक्तों को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी क्राइम मृदुलकांत श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी के निर्देशन में ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवाबाद थाना पुलिस सट्टा माफियाओं की धरपकड़ में लगी थी। तभी 28 अप्रैल 2026 को नवाबाद पुलिस को सूचना मिली कि ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले माफिया तिलयानी बजरिया निवासी शुभम उपाध्याय, अपने साथी सिंधी कॉलोनी गल्ला मंडी निवासी विजय बाधवा, बड़ागांव गेट बाहर निवासी नितिन अग्रवाल फॉर्च्यूनर गाड़ी से मुस्तरा जाने वाले रोड से कही भागने की फि राक में है। इस सूचना पर नवाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, विश्विद्यालय चौकी प्रभारी निखिल सिंह अलग अलग दो सरकारी गाड़ियों से सट्टा माफिया की तलाश में निकले। जैसे ही पुलिस टीम मुस्तरा जाने वाले मार्ग पर कच्ची सड़क पर पहुंची तभी सट्टा माफियाओं ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने अपनी सरकारी गाड़ी से उनका पीछा किया तो सट्टा माफियाओं ने पुलिस को कुचलने का प्रयास करते हुए अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से पुलिस की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी पलटने से उपनिरीक्षक निखिल सिंह, प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार श्रीवास्तव सहित कई पुलिस कर्मी घायल हो गए ओर सट्टा माफिया भागने का प्रयास करने लगे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718